# सतलज-यमुना लिंक नहर

## चर्चा में क्यों?

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे, क्योंकि सतलज-यमुना लिंक (SYL) नहर मुद्दे पर पहले आयोजित बैठक पर हरियाणा तथा पंजाब के बीच विवाद सुलझाने में विफल रहा था।

## मुख्य बिंदु:

- SYL के निर्माण के महत्त्व को रेखांकित करते हुए **पंजाब सरकार केंद्र सरकार को एक हलफनामा सौंपेगी,** जिसमें SYL और पानी की स्थिति के बारे में विवरण दिया जाएगा।
- अधिकारियों के अनुसार, **पंजाब के पास हरियाणा के साथ साझा करने के लिये कोई अधिशेष पानी नहीं है** तथा अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार उपलब्धता के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।
  - पंजाब में 76.5% ब्लॉक (153 में से 117) का अत्यधिक दोहन किया गया है। यहाँ भूजल दोहन 100% से अधिक होने का अनुमान है। जबकि हरियाणा में **अतिदोहित ब्लॉकों का आँकड़ा 61.5% (143 में से 88)** है।
- इससे पहले शीर्ष न्यायालय ने केंद्र सरकार को पंजाब में उस ज़मीन का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था जो SYL नहर के निर्माण के लिये सौंपी गई थी।




//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sutlej-yamuna-link-canal-issue